# UP Board Important Questions Class 9 भूगोल Chapter 6 जनसंख्या Bhugol

अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न

प्रश्न 1.
प्राकृतिक घटनाएँ आपदा कब बनती हैं?
उत्तर:
प्राकृतिक घटनाएँ, जैसे-बाढ़ या सुनामी, जब किसी घनी आबादी वाले गाँव या शहर को प्रभावित करती हैं. तब वे आपदा बनती हैं।

प्रश्न 2.
जनगणना किसे कहते हैं? यह भारत में कब से शुरू हुई?
उत्तर:
एक निश्चित समयान्तराल (हमारे देश में 10 वर्ष) में जनसंख्या की आधिकारिक गणना को 'जनगणना' कहते हैं। यह भारत में 1872 से शुरू हुई।

प्रश्न 3.
देश की सबसे अधिक जनसंख्या वाला राज्य कौनसा है?
उत्तर:
उत्तर प्रदेश देश की सबसे अधिक जनसंख्या वाला राज्य है।

प्रश्न 4.
भारत की लगभग आधी आबादी किन राज्यों में निवास करती है?
उत्तर:
पाँच राज्यों में-

- उत्तर प्रदेश,
- महाराष्ट्र,
- बिहार,
- पश्चिम बंगाल,
- आन्ध्रप्रदेश (तेलंगाना सहित)।

प्रश्न 5.
क्षेत्रफल की दृष्टि से देश का सबसे बड़ा राज्य बतलाइए।
उत्तर:
राजस्थान।

प्रश्न 6.
जनसंख्या घनत्व की परिभाषा दीजिए।
उत्तर:

प्रति इकाई क्षेत्रफल में रहने वाले व्यक्तियों की औसत संख्या को जनसंख्या घनत्व कहते हैं।

प्रश्न 7.
जनसंख्या घनत्व की गणना कैसे करते हैं?
उत्तर:
कुल जनसंख्या को जितने क्षेत्रफल में यह निवास करते हैं उससे भाग देकर जनसंख्या घनत्व की गणना की जाती है।

प्रश्न 8.
भारत का जनसंख्या घनत्व क्या है?
उत्तर:
भारत का जनसंख्या घनत्व 2001 में 324 व्यक्ति प्रति वर्ग कि.मी. था जो 2011 में 382 व्यक्ति प्रति वर्ग कि.मी. हो गया।

प्रश्न 9.
2011 की जनगणना के अनुसार सर्वाधिक एवं न्यूनतम जनसंख्या घनत्व वाले राज्यों के नाम बताइए।
उत्तर:

- सर्वाधिक जनसंख्या घनत्व वाला राज्य-बिहार (1102 व्यक्ति प्रति वर्ग कि.मी.)।
- न्यूनतम जनसंख्या घनत्व वाला राज्य-अरुणाचल प्रदेश (17 व्यक्ति प्रति वर्ग कि.मी.)।

प्रश्न 10.
उत्तर प्रदेश में देश की कितने प्रतिशत जनसंख्या निवास करती है?
उत्तर:
16 प्रतिशत।

प्रश्न 11.
उत्तरी मैदान एवं केरल में उच्च से लेकर अति उच्च जनसंख्या घनत्व देखने को मिलता है। क्यों?
उत्तर:
समतल मैदान, उपजाऊ मृदा एवं प्रचुर वर्षा के कारण उत्तरी मैदान व केरल में उच्च से अति उच्च घनत्व मिलता है।

प्रश्न 12.
उत्तरी मैदान के अधिक जनसंख्या घनत्व वाले तीन राज्यों के नाम बताइए।
उत्तर:
उत्तर प्रदेश, बिहार एवं पश्चिम बंगाल।

प्रश्न 13.
जन्म दर का क्या अभिप्राय है?
उत्तर:
जन्म दर से अभिप्राय है-प्रतिवर्ष 1000 व्यक्तियों पर जीवित बच्चों के जन्म लेने की संख्या।

प्रश्न 14.
जनसंख्या वृद्धि से आप क्या समझते हैं?
उत्तर:
किसी विशेष समय के दौरान किसी देश या क्षेत्र के निवासियों की संख्या में वृद्धि (परिवर्तन) को जनसंख्या वृद्धि कहते हैं।

प्रश्न 15.
लिंग अनुपात किसे कहते हैं?
उत्तर:
जनसंख्या में प्रति एक हजार पुरुष पर उपलब्ध महिलाओं की संख्या को लिंग अनुपात कहते हैं।

प्रश्न 16.
भारत में लिंग अनुपात क्या है?
उत्तर:
2001 की जनगणना के अनुसार, भारत में लिंगानुपात 933 था जो 2011 की जनगणना में 943 हो गया।

प्रश्न 17.
2011 की जनगणना के अनुसार दिल्ली व हरियाणा का लिंगानुपात क्या है?
उत्तर:
2011 की जनगणना के अनुसार दिल्ली व हरियाणा का लिंगानुपात क्रमशः 866 तथा 877 है।

प्रश्न 18.
'साक्षर' से क्या तात्पर्य है?
उत्तर:
7 वर्ष या अधिक आयु का व्यक्ति जो किसी भाषा में समझ के साथ लिख तथा पढ़ सकता है, उसे साक्षर कहा जाता है।

प्रश्न 19.
भारत की साक्षरता दर क्या है? पुरुष एवं महिला साक्षरता का इसमें कितना भाग है?
उत्तर:

- 2011 में भारत की साक्षरता दर 73 प्रतिशत थी।
- इसमें पुरुष साक्षरता दर 80.9% तथा महिला साक्षरता दर 64.6 प्रतिशत थी।

प्रश्न 20.
व्यावसायिक संरचना की परिभाषा दीजिए।
उत्तर:
विभिन्न प्रकार के व्यवसायों के अनुरूप जनसंख्या के वितरण को उसकी व्यावसायिक संरचना कहते हैं।

प्रश्न 21.
व्यवसाय के तीन वर्ग कौनसे हैं?
उत्तर:

- प्राथमिक व्यवसाय
- द्वितीयक व्यवसाय
- तृतीयक व्यवसाय।

प्रश्न 22.
ग्रामीण क्षेत्र में अधिकांश जनसंख्या किस कार्य में लगी हुई है?
उत्तर:
ग्रामीण क्षेत्र में अधिकांश जनसंख्या कृषि कार्य में लगी हुई है।

प्रश्न 23.
व्यावसायिक संरचना के आधार पर 'विकासशील' एवं 'विकसित' देशों में अन्तर स्पष्ट कीजिए।
उत्तर:
विकसित देशों में जनसंख्या का अधिकतर हिस्सा द्वितीयक एवं तृतीयक गतिविधियों से जुड़ा होता है, जबकि विकासशील देशों की अधिकतर जनसंख्या प्राथमिक गतिविधियों में संलग्न होती है।

लघूत्तरात्मक प्रश्न

प्रश्न 1.
जनगणना किसे कहते हैं? इसका क्या महत्त्व है?
उत्तर:
जनगणना से आशय-एक निश्चित समय के अन्तराल (जैसे-भारत में 10 वर्ष) में जनसंख्या की आधिकारिक गणना को जनगणना कहते हैं।
जनगणना का महत्त्व-जनगणना से हमें हमारे देश की जनसंख्या सम्बन्धी जानकारी, जैसे-आयु संरचना, जन्म दर, मृत्यु दर, साक्षरता, लिंगानुपात, व्यावसायिक संरचना आदि की जानकारी मिलती है।

प्रश्न 2.
1951 से भारत की जनसंख्या में हुई तीव्र वृद्धि के कोई तीन कारण दीजिए।
उत्तर:
1951 से भारत की जनसंख्या में हुई तीव्र वृद्धि के तीन कारण निम्न प्रकार हैं-

- उच्च जन्म-दर-भारत में जन्म-दर बहुत अधिक है। 1951 के दशक से 1981 तक इसमें नियमित रूप से वृद्धि हुई।
- चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं में वृद्धि-पिछले दशकों में विशेषकर 1951 के बाद से चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं में बहुत वृद्धि हुई है। इस कारण मृत्यु-दर बहुत कम हो गई किन्तु जन्म-दर उच्च ही बनी रही।
- शिक्षा एवं ज्ञान का अभाव-भारत में साक्षरता दर बहुत कम रही है। लोग शिक्षित नहीं होने के कारण छोटे परिवार का महत्त्व नहीं समझते। इससे जनसंख्या में वृद्धि होती है।

प्रश्न 3.
किशोर जनसंख्या क्या है? इनकी समस्याएँ बतलाइए।
उत्तर:
जनसंख्या में किशोर जनसंख्या प्रायः 10 से 19 वर्ष की आयु वर्ग के लोग होते हैं। किशोरों की प्रमुख समस्याएँ निम्न हैं-

https://www.evidyarthi.in/

- किशोरों के लिए पोषक तत्त्वों की आवश्यकताएँ बच्चों तथा वयस्कों से अधिक होती हैं । कुपोषण से इनका स्वास्थ्य खराब तथा विकास अवरोधित हो सकता है। भारत में किशोरों को प्राप्त भोजन में पोषक तत्त्व अपर्याप्त होते हैं।
- बहुत-सी किशोर बालिकाएँ रक्तहीनता से पीड़ित रहती हैं।
- विकास की प्रक्रिया में किशोरों की समस्याओं पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया गया है।
- किशोरों की अनेक संवेगात्मक समस्याएँ भी होती हैं।

प्रश्न 4.
राष्ट्रीय जनसंख्या नीति 2000 के उद्देश्य बताइये।
उत्तर:
राष्ट्रीय जनसंख्या नीति 2000 के प्रमुख उद्देश्य निम्नलिखित हैं-

- परिवार नियोजन को एक जनकेन्द्रित कार्यक्रम बनाने के लिए नीतिगत ढांचा तैयार करना।
- 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों को निःशुल्क शिक्षा प्रदान करना।
- शिशु मृत्यु दर को प्रति 1,000 में 30 से कम करना।
- व्यापक स्तर पर टीकारोधी बीमारियों से बच्चों को छुटकारा दिलाना।
- बाल-विवाह को रोकने के कानूनों को मजबूत करना।
- गर्भ निरोधक सेवाओं की पहुँच जनसाधारण तक सुनिश्चित करना।

प्रश्न 5.
भारत की लगभग आधी आबादी किन राज्यों में निवास करती है?
उत्तर:
भारत की लगभग आधी आबादी जिन राज्यों में निवास करती है, वे ये हैं-

- उत्तर प्रदेश
- महाराष्ट्र
- बिहार
- पश्चिमी बंगाल और
- आंध्र प्रदेश (तेलंगाना सहित)।

प्रश्न 6.
राष्ट्रीय जनसंख्या नीति 2000 में किशोरों की भलाई के लिए सरकार द्वारा कौनसे कदम उठाए गए है?
उत्तर:
इसके लिए सरकार द्वारा निम्न कदम उठाये गये हैं-

- किशोरों की पोषकीय आवश्यकताओं के अतिरिक्त राष्ट्रीय जनसंख्या नीति-2000 में अवांछित गर्भधारण तथा यौन संचारी संक्रामक बीमारियों से सुरक्षा की ओर सरकार द्वारा व्यापक रूप से ध्यान दिया जा रहा है।
- यह ऐसे कार्यक्रमों की व्यवस्था करती है जो देर से विवाह करने तथा देर से गर्भधारण को प्रोत्साहित करती
- यह अतिरिक्त खाद्य सामग्री तथा पोषकीय सेवाएँ उपलब्ध कराने के साथ-साथ बाल-विवाह को रोकने हेतु कानूनी उपायों को मजबूत बना रही है।
- किशोर किशोरियों को असुरक्षित यौन सम्बन्ध के कुप्रभावों को बतलाना तथा गर्भनिरोधक सेवाओं को पहुँच और खरीद के भीतर बनाने के कार्यक्रम भी चलाये जा रहे हैं।

प्रश्न 7.
जनसंख्या वृद्धि क्या है? भारत में जनसंख्या वृद्धि पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।
उत्तर:
जनसंख्या वृद्धि का अर्थ होता है, किसी विशेष समय अन्तराल में जैसे 10 वर्षों के भीतर, किसी राज्य/देश के निवासियों की संख्या में परिवर्तन । भारत की जनसंख्या निरन्तर बढ़ रही है। देश में 1951-61 में देश की जनसंख्या 21.64 प्रतिशत बढ़ी, इसी प्रकार 1971-81 में देश की जनसंख्या में 24.66 प्रतिशत की वृद्धि हुई। वर्ष 2001-2011 में भारत की जनसंख्या वृद्धि 17.64 प्रतिशत रही, इस अवधि में वार्षिक वृद्धि दर 1.64 प्रतिशत रही।

प्रश्न 8.
किसी देश की जनसंख्या को आयु संरचना के आधार पर कितने वर्गों में बाँटा गया है?
उत्तर:
आयु संरचना के आधार पर जनसंख्या को अग्र तीन भागों में बाँटा गया है-

- बच्चे (15 वर्ष से कम)-ये आर्थिक रूप से उत्पादनशील नहीं होते हैं तथा इनको भोजन, वस्त्र एवं स्वास्थ्य सम्बन्धी सुविधाएँ उपलब्ध कराने की आवश्यकता होती है।
- वयस्क (15 से 59 वर्ष)-ये आर्थिक रूप से उत्पादनशील तथा जैविक रूप से प्रजननशील होते हैं। यह जनसंख्या का कार्यशील वर्ग है।
- वृद्ध ( 59 वर्ष से अधिक)-ये आर्थिक रूप से उत्पादनशील या अवकाश प्राप्त हो सकते हैं। ये स्वैच्छिक रूप से कार्य कर सकते हैं।

https://www.evidyarthi.in/